पंजाब केसरी 29/02/2024

'साइंस फॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर' विषय पर इंटर कालेज स्टेट लेवल प्रतियोगिता आयोजित

विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य अतिथि। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 28 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में विज्ञान विभाग व भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्थान रोहतक चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर 'साइंस फॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर' विषय पर इंटर कालेज स्टेट लेवल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के विभिन्न कालेजों के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. मनीराम थे।

अपने संबोधन में कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान ने हमारे जीवन में परिवर्तन ला दिया है जिसे सकारात्मक रूप से प्रयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस प्रतियोगिता के आयोजन करवाने के लिए डा. सत्येंद्र खटकड़ की सराहना की।

मुख्य अतिथि डा. मनीराम ने छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए विज्ञान का चयन करने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन डा. नियति ने किया।

प्रतियोगिता के संयोजक डा. एस.के. पांडे ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गवर्नमैंट पी.जी. कालेज सैक्टर-1 पंचकूला से भावना, दूसरा स्थान गवर्नमैंट पी.जी. कालेज अम्बाला छावनी से अनुष्का और तृतीय स्थान पंडित चिरंजी लाल शर्मा गवर्नमैंट कालेज करनाल से नितिन शर्मा ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार, स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान पंडित जवाहरलाल नेहरू गवर्नमैंट कालेज फरीदाबाद से डोली शर्मा, द्वितीय स्थान मारकंडा नैशनल कालेज शाहबाद से शुभम और तृतीय स्थान गवर्नमैंट कालेज जींद से अमन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम 3 विजेताओं को नकद पुरस्कार व सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रतियोगिता की सहसंयोजिका डा. शिखा जग्गी, डा. मीनू राठी और डा. नेहा अग्रवाल का आयोजन में विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में प्रो. एस.के. बाटला, डा. उपेंद्र कौर, डा. सुरजीत सिंह, प्रो. नीलम, प्रो. श्याम रहेजा आदि उपस्थित रहे।